राज्यपाल सचिवालय
राजभवन जयपुर

राज्यपाल का राजस्थान ब्राह्मण सभा ने सम्मान किया

—

जयपुर, 19 नवम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र का मंगलवार को यहां राजभवन में राजस्थान ब्राह्मण सभा के एक प्रतिनिधि मंडल ने साफा पहनाकर व शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया।

राज्यपाल ने बीकानेर में सड़क हादसे पर दुःख जताया

जयपुर, 19 नवम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने बीकानेर–जयपुर मार्ग पर हुए हादसे पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। राज्यपाल श्री मिश्र ने इस हादसे में हुई मौतों पर दुःख जताया है। राज्यपाल श्री मिश्र ने हादसे में हुए घायल लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

एन. सी. सी. दिवस के मुख्य अतिथि होंगे राज्यपाल

जयपुर, 19 नवम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र बुधवार को प्रातः 10 बजे रामनिवास बाग में आयोजित हो रहे एन.सी.सी. दिवस समारोह के मुख्य अतिथि होंगे।

———

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक (जनसम्पर्क), राज्यपाल